जनाक्रोश रैली के जरिए राजेंद्र सांखला ने कांग्रेस में ताकत दिखाई

■ यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

कोटा, (निसं)। लंबे समय के बाद कांग्रेस में एक नेता ने रैली के जरिए अपनी ताकत का प्रदर्शन किया है। कांग्रेसी नेता राजेंद्र सांखला वैसे तो कांग्रेस में कई पदों पर रह चुके हैं और वर्तमान में वह हाड़ौती विकास मोर्चा के संभागीय अध्यक्ष है। मोर्चा के जरिए वह लगातार कोटा में सक्रिय रहते हैं। लेकिन इस बार उन्होंने जन आक्रोश रैली के जरिए भीड़ एकत्रित करके कांग्रेस में अपनी ताकत का प्रदर्शन किया है।

आमतौर पर यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल खुद या फिर उनके विश्वसनीय व करीब शहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष रविंद्र त्यागी इस तरीके से तैयारियों के साथ प्रदर्शन करते थे। लेकिन इस बार उन्होंने स्वयं के बूते पर भीड़ एकत्रित करके कांग्रेस में अपनी ताकत का प्रदर्शन किया है जो कि समय चर्चा का विषय है। रैली में शामिल कार्यकर्ता किसी राजनीतिक रैली से भी ज्यादा संख्या में मौजूद थे। हाड़ौती विकास मोर्चा कांग्रेस को समर्थित है। साथ ही मोर्चा के राजेंद्र सांखला यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के करीबी हैं। रैली के जरिए मोर्चा एक नई ताकत के रूप में उभर कर आया है। कांग्रेस के समर्थित मोर्चा पहले ही कई चुनावों में यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल सहित अन्य नेताओं के लिए काम करता रहा है।

इसके अलावा कांग्रेस विचारधारा के कार्यकर्ता ही मोर्चा से लगातार जुड़ रहे हैं। हाल ही में हाड़ौती विकास मोर्चा ने अपना सदस्यता अभियान चलाया था। जिसमें बड़ी संख्या में कोटा उत्तर, दक्षिण, लाडपुरा सहित, ग्रामीण इलाके के रामगंजमंडी के संगठन के पदाधिकारी बने हैं। बड़ी संख्या में इन इलाकों में कार्यकर्ता होने से संगठन भी मजबूत खड़ा हुआ है। हाड़ौती विकास मोर्चा की केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों, पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाने के तेल व अनाजों की बढ़ती कीमतों, भ्रष्टाचार जैसे कई मुद्दों को लेकर हाड़ौती विकास मोर्चा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जन आक्रोश रैली निकालकर सड़कों पर प्रदर्शन किया। पूरी रैली में कार्यकर्ताओं का उत्साह नजर आया। सैकड़ों की संख्या में वाहनों पर सवार हजारों कार्यकर्ताओं की रैली को स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने हरी झंडी दिखा रवाना किया। रैली का नेतृत्व मोर्चा के संभागीय अध्यक्ष राजेंद्र सांखला ने किया।

हाड़ौती विकास मोर्चा की रैली को यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में केंद्र सरकार के खिलाफ जबरदस्त माहौल केंद्र के खिलाफ था। साथ में कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के झंडे, बैनर और तख्तियां लिए थे। केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने की। तख्तियों व बैनरों पर केंद्र के खिलाफ ही स्लोगन लिखे हुए थे। विशाल रैली में शामिल होने के लिए छोटी-छोटी रैलियां मल्टीपरपज स्कूल के मैदान में पहुंची। ये सभी उत्साही कार्यकर्ता ढोल नंगाड़े बजाते हुए आ रहे थे। इसके पहले शहर के अलग-अलग इलाकों में ही कांग्रेस के झंडे बैनर नजर आ रहे थे। करीब डेढ़ दर्जन से ज्यादा छोटी रैलियां थी। जिनमें स्टेशन, तलवंडी, विज्ञाननगर, रामपुरा, कैथूनीपोल, टिपटा, अनंतपुरा, रायपुरा, डीसीएम, कुन्हाड़ी, नांता, सकतपुरा, छावनी, कोटड़ी से रैलियां आई।

इसके बाद एक विशाल रैली स्टेशन की तरफ रवाना हुई। रैली को सफल बनाने के लिए बीते 7 दिनों से कार्यकर्ता मेहनत कर रहे थे। इसके लिए मोर्चा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अब्दुल रहीम खान, शहर अध्यक्ष शादाब खान, ओबीसी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष महेश कश्यप, एससी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अर्जुन झंझोट, दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष रघु शर्मा, लाडपुरा विधानसभा अध्यक्ष प्रभात कश्यप व एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुमित गोदाला ने जी जान लगाकर मेहनत की है।

ये सभी कार्यकर्ताओं में जोश भर उन्हें रैली में लेकर पहुंचे और रैली का संभागीय अध्यक्ष सांखला के साथ-साथ रैली का नेतृत्व किया। रैली शुरू होने पर कार्यकर्ता हाड़ौती विकास मोर्चा के संभाग अध्यक्ष राजेंद्र सांखला के नेतृत्व में मल्टीपरपज स्कूल के मैदान से ही पैदल सूरजपोल, कैथूनीपोल, श्रीपुरा, रामपुरा होते हुए लाडपुरा पहुंचे। इनके पीछे सैंकड़ों दुपहिया और चार पहिया वाहनों चल रहे थे। लाडपुरा से सभी लोग वाहनों में सवार हो गए। इसके बाद यह रैली नयापुरा, एमबीएस, कलेक्ट्रेट सर्किल होती हुई स्टेशन पहुंची। जहां पर रैली विसर्जित हुई। रैली के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 5 पुलिस उप अधीक्षक, 10 से ज्यादा एसएचओ और 500 पुलिस कर्मियों का जाब्ता साथ रहा।

आक्रोश रैली में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। जिनमें वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अमित धारीवाल शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र त्यागी, पंकज मेहता, डॉ. जफर मोहम्मद, शिवकांत नंदवाना, कोटा महापौर दक्षिण राजीव अग्रवाल, उत्तर मंजू मेहरा, उपमहापौर दक्षिण पवन मीणा, उत्तर फरीउद्दीन कुरैशी, राकेश सोरल, अरुण भार्गव सहित बड़ी संख्या में नेता मंच पर मौजूद थे मौजूद थे।

राज्यभर के छात्र छात्राओं की लॉन टेनिस आज से

कोटा, (निसं)। 14 वर्ष आयु वर्ग के छात्र छात्राओं की 65 वीं राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता 2 दिसम्बर से कोटा में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ गुरूवार को नयापुरा के महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में प्रात: 11 बजे होगा। प्रतियोगिता के संयुक्त संचालन सचिव सुरेश ने बताया कि प्रतियोगिता में 35 जिलों की 70 टीमें कोटा कोटा पहुंचना शुरू हो गई है। इस कार्यक्रम का मुख्य आयोजक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सुमन कॉलोनी गिरधरपुरा को मेजबानी की जिम्मेदारी मिली है। गुमानपुरा स्थित सर्वपल्ली राधाकृष्ण शिक्षण भवन में उनके आयोजन, आवास संबंधी सभी तैयारियों की समीक्षा गत दिवस जिला शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार शर्मा एवं अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार टेलर ने की। सह संन्वयक राजीव विजय ने बताया कि सभी खेल छात्राओं के लिए नयापुरा उम्मेद क्लब एवं छात्रों की प्रतियोगिता श्रीनाथपुरम स्टेडियम में होगी। प्रतियोगिताओं की उद्घाटन गुरूवार को नयापुरा स्टेडियम में प्रात: 11 बजे ग्रामीण पुलिस अधीक्षक करेंगे।

कांग्रेस की जन जागरण रैली 4 को

कोटा, (निसं)। लगातार बढ़ रही महंगाई के विरोध में शहर कांग्रेस महामंत्री संजय यादव की अगुवाई में 4 दिसंबर को रैली निकाली जाएगी। यादव ने बताया कि रैली 4 दिसंबर को सायं 4 बजे महावीर नगर घटोत्कच चौराहे से रवाना होकर महावीर नगर तृतीय मीरा मार्केट टीचर्स कॉलोनी से सविस्तार योजना स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचेगी।

एड्स जागरुकता कार्यक्रम

कोटा, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय कोटा में अन्तर्राष्ट्रीय एड्स जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एन.एस.एस. इकाई प्रथम तथा द्वितीय के स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय के छात्रों को रेड रिबन लगाकर एड्स के प्रति जनचेतना जागृत करने कार्य किया। इस कार्यक्रम में डॉ. सुब्रत शर्मा एड्स विषाणु के जीवन चक्र की जानकारी छात्रों को दी। डॉ. हरीश गौत्तम ने संक्रमण के माध्यम तथा उनके रोकथाम के विषय में बताया। राजकीय महाविद्यालय कोटा के प्राचार्य डॉ. जयन्त कुमार विजयवर्गीय ने छात्र समूह को संबोधित करते हुए एड्स के प्रति जनचेतना का महत्व समझाया। प्राचार्य ने छात्रों को बताया कि बचाव ही सुरक्षा है। कार्यक्रम में डॉ. अन्जू कपूर, डॉ. रघुराज परिहार, डॉ. वीणा चौरसिया ने भाग लिया।

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-313 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-1.12.2021

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा भूखण्ड/आवास संख्या 782 केशवपुरा-7 आवासीय योजना में आवंटन न्यास के पत्र दिनांक 15.12.1982 को श्री विनोद कुमार जैन पुत्र श्री सुन्दर लाल के नाम से आवंटन किया गया था। आवंटी श्री विनोद कुमार जैन पुत्र श्री सुन्दर लाल द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री दुर्गालाल पांचाल पुत्र श्री कन्हैया लाल पांचाल द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 28.06.2010 को श्री प्रहलाद पांचाल पुत्र स्व. श्री रामकल्याण पांचाल को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता श्री प्रहलाद पांचाल पुत्र स्व. श्री रामकल्याण पांचाल द्वारा उक्त भूखण्ड के नामहस्तान्तरण की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को कोई एतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 782 केशवपुरा-7 आवासीय का नामहस्तान्तरण श्री प्रहलाद पांचाल पुत्र स्व. श्री रामकल्याण पांचाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
कमरा नं. 345-347, मिनी सचिवालय, झालावाड़-326001
ई-मेल : rorpcb.jhalawar@gmail.com

रा.रा.प्र.नि.मं./क्षे.का./झालावाड़/JM-118/640 दिनांक : 30.11.2021

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के लिए आम सूचना

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स श्री राम पाटीदार पुत्र श्री कृष्णा पाटीदार (रेफरेन्स नं. 20201000024326 एवं एम.एल.नं. 20/2020), क्षेत्र-1.3323 हैक्टेयर, लाईमस्टोन (डायमेंशनल) एवं मैसेनरी स्टोन, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता-2,34,273 टन/वर्ष, मैसर्स बनास मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड (एम.एल.नं. 01/2014), क्षेत्र-4.0 हैक्टेयर, मैसर्स बनास मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड (एम.एल.नं. 02/2014), क्षेत्र-4.0 हैक्टेयर, लाईमस्टोन (डायमेंशनल), मैसर्स बनास मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड (एम.एल.नं. 03/2014), क्षेत्र-4.0 हैक्टेयर, लाईमस्टोन (डायमेंशनल), मैसर्स बनास मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड (एम.एल.नं. 04/2015), क्षेत्र-4.0 हैक्टेयर, लाईमस्टोन (डायमेंशनल), मैसर्स बनास मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड (एम.एल.नं. 05/2015), क्षेत्र-4.0 हैक्टेयर, लाईमस्टोन (डायमेंशनल), मैसर्स अकील खान (एम.एल.नं. 02/2015), क्षेत्र-4.0 हैक्टेयर, लाईमस्टोन (डायमेंशनल), मैसर्स मोहम्मद तौसीफ (एम.एल.नं. 03/2015), क्षेत्र-4.0 हैक्टेयर, लाईमस्टोन (डायमेंशनल), मैसर्स गोल्डन स्टोन कम्पनी (एम.एल.नं. 08/2015), क्षेत्र-4.0 हैक्टेयर, लाईमस्टोन (डायमेंशनल), मैसर्स मोहम्मद शाहीद (प्लॉट नं. 11), क्षेत्र-4.0 हैक्टेयर, लाईमस्टोन (डायमेंशनल), मैसर्स हाजरे स्टोन (प्लॉट नं. 20), क्षेत्र-4.0 हैक्टेयर द्वारा निकट ग्राम-पिपलिया व रुणजी, तहसील-पचपहाड़, जिला-झालावाड़ (राज.) में माईन क्लस्टर-लाईमस्टोन (डायमेंशनल) एवं मैसेनरी स्टोन के उत्पादन हेतु प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को प्रस्तुत किया गया है।

2. और चूंकि, मैसर्स श्री राम पाटीदार पुत्र श्री कृष्णा पाटीदार (रेफरेन्स नं. 20201000024326 एवं एम.एल.नं. 20/2020) द्वारा माईन क्लस्टर-लाईमस्टोन (डायमेंशनल) एवं मैसेनरी स्टोन, निकट ग्राम-पिपलिया व रुणजी, तहसील-पचपहाड़, जिला-झालावाड़ (राज.) परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में जन सुनवाई हेतु आवेदन मय दस्तावेजों के राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

3. और चूंकि, राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना बाबत् भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के प्रावधानों के अनुसरण में उक्त वर्णित सम्पूर्ण क्लस्टर (11 माइनिंग लीज-एम.एल.नं.-20/2020, 01/2014, 02/2014, 03/2014, 04/2015, 05/2015, 02/2015, 03/2015, 08/2015, प्लॉट नं. 11 एवं प्लॉट नं. 20) की जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।

4. उक्त परियोजना से संबंधित पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन रिपोर्ट एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार निम्न कार्यालयों में उपलब्ध है :-
(1) कार्यालय जिला कलक्टर, झालावाड़।
(2) कार्यालय जिला परिषद, झालावाड़।
(3) क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, झालावाड़।
(4) सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय, 4-संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
(5) पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
(6) जिला उद्योग केन्द्र, झालावाड़।
(7) सहायक खनिज अभियन्ता, खान एवं भू विज्ञान विभाग, झालावाड़।
(8) क्षेत्रीय कार्यालय, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार, सेन्ट्रल बिल्डिंग 5-पूल सेक्टर-एच अलीगंज, लखनऊ।

अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आप परियोजना के पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित प्रकरण के निपटारे के लिए सम्पूर्ण क्लस्टर की जन-सुनवाई हेतु दिनांक 07.01.2022 को मध्यान्ह 12.00 बजे राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत-पिपलिया, तहसील-पचपहाड़, जिला-झालावाड़ में उपस्थित होकर अपने सुझाव/आक्षेप, कोविड-19 के सन्दर्भ में जारी गाईडलाइन की पालना सुनिश्चित करते हुए प्रस्तुत कर सकते हैं।

इस संबंध में लिखित सुझाव/आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, क्षेत्रीय कार्यालय, कमरा नं. 345-347, मिनी सचिवालय, झालावाड़ में भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज्ञा से
(अशोक कुमार जेलिया) क्षेत्रीय अधिकारी

अमृता हाट मेले का शुभारंभ

कोटा, (निसं)। महिला अधिकारिता एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा बुधवार को 7 दिवसीय अमृता हाट मेले का शुभारम्भ संभागीय आयुक्त कैलाश चन्द मीणा की अध्यक्षता में किया गया।

संभागीय आयुक्त ने 7 दिवसीय अमृता हाट मेले का शुभारम्भ कर मेले का निरीक्षण किया और मेले में कोविड-19 की गाईडलाईन की पालना करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सात दिवसीय अमृता हाट मेले में राजस्थान के अलग-अलग जिलों से असंगठित क्षेत्र की महिलाओं को दुकानें आवंटित की गई हैं जिसमें कपड़े, क्रॉकरी, वुलन, ग्रोसरी व अन्य उपयोगी वस्तुओं की दुकानें लगाई गई हैं। जिससे महिलाओं को रोजगार में प्रोत्साहन मिलें और साथ ही आर्थिक सम्बल से मजबूत बन सकें। उन्होंने मेले में लगी प्रत्येक दुकान पर जाकर चीजों के बारे जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में नृत्यिकाओं द्वारा राजस्थानी संस्कृति पर आधारित लोक गीतों पर रंगा-रंग प्रस्तुतियां दी।

पत्नी ने दिया पति को रोजगार:-सीकर जिले से खाचरियावास गांव की विक्रेता रीना सैन ने कहा कि मेरे पति हेमराज सैन 2008 से 2015 तक विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी करते थे। किसी भी क्षेत्र में नियमित व्यवसाय नहीं होने के कारण आय भी कम थी और परिवार का भरण-पोषण भी संभव नहीं हो पाता था। जब मुझे लगा की मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं थी। फिर एक दिन मानो जैसे सरकार की योजनाओं ने हमारे रास्ता ही खोल दिए हों। जैसे ही हमें महिला अधिकारिता एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित अमृता हाट मेले के बारे सूचना मिली तो हमने इसमें लघु वस्त्र की दुकान लगाई जिससे मेरे साथ-साथ पति को रोजगार मिला और आर्थिक स्थिति मजबूत हुई।

कोटा उत्तर के वार्ड 48, 63 के विकास कार्यों का शुभारंभ

कोटा, (निसं)। शहर को ट्रैफिक लाइट फ्री शहर बनाने और पर्यटन के क्षेत्र में विश्वव्यापी पहचान दिलाने के लिए जहां एक और विकास के बड़े प्रोजेक्टस जल्द पूरे होने जा रहे हैं वही कोटा के वार्डों का भी कायाकल्प यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के निर्देश पर बुनियादी सुविधाओं के साथ अन्य विकास कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। यह बात कांग्रेस नेता अमित धारीवाल ने बुधवार को कोटा उत्तर के वार्ड 48 ओर 63 में विकास कार्यों के शुभारंभ के दौरान कही।

कोटा उत्तर निगम के खेड़ली फाटक के वार्ड 48 में नगर निगम की ओर से वार्ड में सीसी रोड, नालियों का निर्माण सहित अन्य विकास के कार्यो की मिली स्वीकृति के बाद अब विकास के कार्य नगर निगम की ओर से प्रारंभ कर दिए गए हैं। वार्ड 48 में विकास कार्यों के शुभारंभ के मौके पर नगर निगम के अधिकारियों समेत कांग्रेस नेता हेमंत चतुर्वेदी, पार्षद नंदू शर्मा, उषा ठाकुर, सलीम भाई, शिव पवार, बिट्टू मेहरा, अमरचंद, विंटर, जाफर कुरेशी, दिनेश लोधा समेत स्थानीय निवासी व कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कोटा के वार्डों में चल रहे विकास कार्यों का समाजसेवी अमित धारीवाल ने शुभारंभ किया।

वही स्टेशन क्षेत्र के वार्ड 63 में विकास कार्यों का शुभारंभ भी कांग्रेस नेता व समाज सेवी अमित धारीवाल ने पूजा अर्चना करके किया गया। शुभारंभ के मौके पर क्षेत्र के लोगों ने अमित धारीवाल का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया वही इस मौके पर अमित धारीवाल ने क्षेत्र के लोगों से रूबरू होकर वार्ड की समस्याओं को सुना और जल्दी वार्ड में अन्य विकास कार्य सरकार द्वारा करवाए जाने का भी भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद दुष्यंत सिंह हाड़ा, पार्षद यूनुस अली, पार्षद निशा गौतम, सहित क्षेत्र के लोग वह कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
कमरा नं. 345-347, मिनी सचिवालय, झालावाड़-326001
ई-मेल : rorpcb.jhalawar@gmail.com

रा.रा.प्र.नि.मं./क्षे.का./झालावाड़/JM-117/670 दिनांक : 30.11.2021

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के लिए आम सूचना

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स श्री राम पाटीदार पुत्र श्री कृष्णा पाटीदार (रेफरेन्स नं. 20201000024230 एवं एम.एल.नं. 19/2020), क्षेत्र-3.5046 हैक्टेयर, लाईमस्टोन (डायमेंशनल) एवं मैसेनरी स्टोन, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता-5,61,467 टन/वर्ष, (ROM) मैसर्स बनास मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड (एम.एल.नं. 01/2014), क्षेत्र-4.0 हैक्टेयर, मैसर्स बनास मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड (एम.एल.नं. 02/2014), क्षेत्र-4.0 हैक्टेयर, मैसर्स बनास मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड (एम.एल.नं. 03/2014), क्षेत्र-4.0 हैक्टेयर, मैसर्स बनास मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड (एम.एल.नं. 04/2015), क्षेत्र-4.0 हैक्टेयर, मैसर्स बनास मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड (एम.एल.नं. 05/2015), क्षेत्र-4.0 हैक्टेयर, मैसर्स अकील खान (एम.एल.नं. 02/2015), क्षेत्र-4.0 हैक्टेयर, मैसर्स मोहम्मद तौसीफ (एम.एल.नं. 03/2015), क्षेत्र-4.0 हैक्टेयर, मैसर्स गोल्डन स्टोन कम्पनी (एम.एल.नं. 08/2015), क्षेत्र-4.0 हैक्टेयर, मैसर्स मोहम्मद शाहीद (प्लॉट नं. 11), क्षेत्र-4.0 हैक्टेयर, मैसर्स हाजरे स्टोन (प्लॉट नं. 20), क्षेत्र-4.0 हैक्टेयर द्वारा निकट ग्राम-पिपलिया व रुणजी, तहसील-पचपहाड़, जिला-झालावाड़ (राज.) में माईन क्लस्टर-लाईमस्टोन (डायमेंशनल) एवं मैसेनरी स्टोन के उत्पादन हेतु प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को प्रस्तुत किया गया है।

2. और चूंकि, मैसर्स श्री राम पाटीदार पुत्र श्री कृष्णा पाटीदार (रेफरेन्स नं. 20201000024230 एवं एम.एल.नं. 19/2020) द्वारा माईन क्लस्टर-लाईमस्टोन (डायमेंशनल) एवं मैसेनरी स्टोन, निकट ग्राम-पिपलिया व रुणजी, तहसील-पचपहाड़, जिला-झालावाड़ (राज.) परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में जन सुनवाई हेतु आवेदन मय दस्तावेजों के राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

3. और चूंकि, राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना बाबत् भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के प्रावधानों के अनुसरण में उक्त वर्णित सम्पूर्ण क्लस्टर (11 माइनिंग लीज-एम.एल.नं.-19/2020, 01/2014, 02/2014, 03/2014, 04/2015, 05/2015, 02/2015, 03/2015, 08/2015, प्लॉट नं. 11 एवं प्लॉट नं. 20) की जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।

4. उक्त परियोजना से संबंधित पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन रिपोर्ट एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार निम्न कार्यालयों में उपलब्ध है :-
(1) कार्यालय जिला कलक्टर, झालावाड़।
(2) कार्यालय जिला परिषद, झालावाड़।
(3) क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, झालावाड़।
(4) सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय, 4-संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
(5) पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
(6) जिला उद्योग केन्द्र, झालावाड़।
(7) सहायक खनिज अभियन्ता, खान एवं भू विज्ञान विभाग, झालावाड़।
(8) क्षेत्रीय कार्यालय, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार, सेन्ट्रल बिल्डिंग 5-पूल सेक्टर-एच अलीगंज, लखनऊ।

अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आप परियोजना के पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित प्रकरण के निपटारे के लिए सम्पूर्ण क्लस्टर की जन-सुनवाई हेतु दिनांक 07.01.2022 को मध्यान्ह 2.00 बजे राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत-पिपलिया, तहसील-पचपहाड़, जिला-झालावाड़ में उपस्थित होकर अपने सुझाव/आक्षेप, कोविड-19 के सन्दर्भ में जारी गाईडलाइन की पालना सुनिश्चित करते हुए प्रस्तुत कर सकते हैं।

इस संबंध में लिखित सुझाव/आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, क्षेत्रीय कार्यालय, कमरा नं. 345-347, मिनी सचिवालय, झालावाड़ में भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज्ञा से
(अशोक कुमार जेलिया) क्षेत्रीय अधिकारी

विद्युत लाइनों के रखरखाव के कारण आज यहां बिजली बंद रहेगी

कोटा, (निसं)। विद्युत लाइनों के रखरखाव के कारण गुरूवार सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक बजाजनगर, हिम्मत नगर, वृंदावन विहार, नारायण विहार, जयश्री विहार, सेटूल जेल, इंद्र विहार, सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बजरंगनगर, केसर बाग, गुलाबबाग, मुखर्जी पंप हाउस, रेलवे सोसायटी, प्रगति नगर, बाल विद्यालय, बीज गोदाम, देव दूध डेयरी, शिवम मल्टीस्टोरी, राजेंद्र विहार पार्क, एचपी गैस गोदाम, ईश्वर लेन, बाल भवन विद्यालय, पूनम कॉलोनी, तुल्लापुरा, सोगरिया, प्रताप रेजीडेंसी, ओम वाटिका, चंद्रविला, लार्ड कृष्णा स्कूल के आसपास व लेबर चौराहा, हुसैनीनगर, शमशान रोड व आसपास का क्षेत्र, महात्मा गांधी कॉलोनी, दोपहर 1.30 से शाम 4.30 बजे तक रोड नम्बर 6 व 7, बूंदी सिलिका, पौद्दार इण्डस्ट्री एरिया, नालंदा स्कूल के आसपास, पटेल टायर वाली गली, नालंदा स्कूल के पीछे का क्षेत्र, सुबह 11.30 से शाम 5 बजे तक पठान मोहल्ला, अनंतपुरा, हनुमान मंदिर के पास, अनंतपुरा कच्ची बस्ती आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

समाजसेवी भुवनेश गुप्ता ने 103वीं बार रक्तदान किया

कोटा, (निसं)। शहर अब रक्तदान का गढ़ सा बन गया है। अब आमतौर पर लगभग हर कार्यक्रम को रक्तदान से जोड़कर पूर्ण करने की परंपरा विकसित होती जा रही है। वैवाहिक वर्षगांठ, जन्मदिन व अपने दिवंगत की पुण्यतिथि पर तो रक्तदान अब काफी होने लगा है और जागरूकता के चलते यदा-कदा शादी, सगाई समारोह में भी रक्तदान शिविर कर लोगों ने नवाचार किये हैं।

इस क्षेत्र में गत 27 वर्षों से निर्बाध व निरन्तर सेवाकार्यों कर रहे लायंस क्लब कोटा टेक्नो के डायरेक्टर व टीम जीवनदाता के संस्थापक भुवनेश गुप्ता ने जागरूकता व भ्रांति उन्मूलन में काफी अग्रणी कार्य किया है। साथ ही उन्होंने भी अपने जीवन में नियमित रक्तदान की परंपरा को जीवित रखा है। मंगलवार को गुप्ता ने 103वीं बार रक्तदान कर प्रेरणा की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत की है। बी पॉजिटिव ग्रुप के गुप्ता ने 54 बार एसडीपी सिंगल डोनर प्लेटलेट्स, भी दे चुके हैं। रक्तदान व एसडीपी को जोड़कर गुप्ता कुल 157 बार डोनेशन कर चुके हैं, जिससे नवपीढ़ी में इस रक्त संस्कार को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिली है।

'नगरवासियों व पर्यटकों को नये कोटा के सौंदर्यकरण की सौगात मिलेगी'

■ स्वायत्त शासन मंत्री ने विकास कार्यों का निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने बुधवार को शहर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर कार्यों में गति बढ़ाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शीघ्रता से गुणवत्तापूर्ण कार्य करें जिससे नगरवासियों एवं बाहर से आने वाले पर्यटकों को नये कोटा के सौंदर्यकरण की सौगात मिल सकें।

स्वायत्त शासन मंत्री ने अदालत चौराहा से विकास कार्यों का निरीक्षण प्रारम्भ किया। इसके बाद एमबीएस व जेके लोन अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करें। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय भवन के सौन्दर्यकरण कार्य का निरीक्षण कर कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता में कमी बर्दास्त नहीं की जायेगी। उन्होंने ट्रैफिक लाइट फ्री सिटी बनाने के लिए चल रहे फ्लाईओवर और अंडरपास के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने विवेकानन्द सर्किल, अण्टाघर चौराहा अंडरपास, गुमानपुरा फ्लाईओवर व एरोड्रम सर्किल अंडरपास पर चल रहे सौंदर्यकरण के कार्यों को देखकर कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए।

कोटा में चल रहे विकास कार्यों का यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने निरीक्षण किया।

उन्होंने घोड़े वाला बाबा सर्किल के विकास कार्य का निरीक्षण करते हुए फरवरी तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। यह चौराहा रंगीन रोशनी एवं फव्वारें से गिरती पानी की बूंदों के संगम के साथ पर्यटकों को आकर्षित करेगा। उन्होंने कहा कि शहर के सभी चौराहे दुधिया रोशनी में जगमग दिखाई दें इसी योजना को साकार करने में समयबद्धता से कार्य करें। इन्दिरा गांधी सर्किल फ्लाईओवर का निरीक्षण कर उन्होंने फुटपाथ का कार्